तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 ज्वाइन भाजयुमो अभियान में 900 युवाओं...



14 भारतमाला कॉरिडोर की पिचिंग पहली ही बारिश...



# खड़कागांव-नीलेगोंदी के जंगल में मिले विस्फोटक, बीडीएस टीम ने किया डिफ्यूज

## डीआरजी को सर्चिंग में 5 और 3-3 किलो के 4 टिफिन आईईडी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम खड़कागांव-नीलेगोंदी के जंगल-पहाड़ी इलाके में सर्चिंग अभियान के दौरान डीआरजी और बीडीएस की संयुक्त टीम ने चार टिफिन आईईडी यानी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद किए। बरामद विस्फोटकों को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया गया, जिससे सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के लिए संभावित बड़ा खतरा टल गया।बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा के निर्देशन में कांकेर जिले के संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार 29 जुलाई को थाना आमाबेड़ा क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम खड़कागांव-नीलेगोंदी के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में डीआरजी एवं बीडीएस की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान टीम को संदिग्ध स्थानों पर छिपाकर रखे गए कुल चार टिफिन आईईडी मिले। इनमें एक आईईडी लगभग 5 किलोग्राम तथा तीन आईईडी लगभग 3-3 किलोग्राम क्षमता के थे। सुरक्षा बलों ने तत्काल पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर बीडीएस यानी बम निरोधक दस्ता को सक्रिय किया।

■ पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने आमजन से जानकारी देने की अपील की

### त्वरित कार्रवाई से अनहोनी टली

बीडीएस टीम ने अत्यंत सावधानी और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ सभी विस्फोटकों को मौके पर ही डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। समय रहते कार्रवाई होने से किसी प्रकार की जनहानि या सुरक्षा बलों को नुकसान नहीं हुआ। अभियान का नेतृत्व डीआरजी टीम कमांडर सहायक उपनिरीक्षक शैलेंद्र भास्कर तथा बीडीएस टीम कमांडर सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन कोर्राम ने किया। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने पूरे क्षेत्र की गहन तलाशी लेकर विस्फोटकों को सुरक्षित निष्क्रिय किया।



### सर्चिंग अभियान तेज किया गया

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि जिले के संवेदनशील इलाकों में सर्चिंग अभियान को और तेज किया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां नक्सलियों की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रही हैं ताकि किसी भी संभावित घटना को पहले ही रोका जा सके। ग्रामीणों से भी अपील की है कि जंगलों या सुनसान इलाकों में कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर उसे छूने का प्रयास न करें और तत्काल निकटतम पुलिस थाना या सुरक्षा बलों को इसकी जानकारी दें।

## खबर संक्षेप

### गाय को राज्य माता घोषित कराने हस्ताक्षर अभियान



**भानुप्रतापपुर।** गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव गांव स्थित गौठान को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओ को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर रेट पर दो कर्मचारी नियुक्त करने की माँग को लेकर शिव सेना ने ग्राम कच्चे के बजार में स्टाल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शिवसेना के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाजार से स्कूटी की चोरी, मामला दर्ज

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड मुख्यालय की सीमा से लगे ग्राम संबलपुर की बाजार से होंडा एक्टिवा स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है।



नयापारा निवासी गीता कुलदीप ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 22 जुलाई की शाम उनके पिता प्रीतराम नेताम स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीजी 3492 से बाजार गए थे। खरीदारी के बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी हुई स्कूटी की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के मुख्यद्वार पर भरा पानी, छात्राएं हुईं परेशान

# कांकेर के नए बसस्टैंड में घुटनों तक भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सावन की शुरुआत से ठीक दो दिन पहले हुई तेज बारिश ने नगर पालिका की जलनिकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति भी उजागर कर दी। कुछ घंटों तक हुई लगातार बारिश से कांकेर शहर की कई प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। सबसे अधिक परेशानी नए बस स्टैंड में देखने को मिली, जहां परिसर में घुटनों तक पानी भर जाने से यात्रियों, बस चालकों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बसों में चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को पानी के बीच होकर गुजरना पड़ा। कांकेर में मंगलवार और बुधवार को हुई बारिश के दौरान शहर के निचले इलाकों में पानी तेजी से भरने लगा। कुछ ही समय में प्रमुख मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई।

■ जल निकासी का इंतजाम फेल इसलिए बढी परेशानी





### 24 से 48 घंटे तक मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी

भारत मौसम विज्ञान विभाग के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार कांकेर जिले में मानसून सक्रिय बना हुआ है। आज और अगले 24 से 48 घंटों के दौरान जिले में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। कांकेर जिला में अधिकांश समय आसमान में घने बादल छाए रहेंगे। रुक-रुककर मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान लगभग 26-27 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम 23-24 डिग्री सेंटीग्रेड के आसपास रह सकता है। हवा की गति 10-15 किमी/घंटा तक रह सकती है तथा आर्द्रता 90 प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना है।

नए बस स्टैंड परिसर में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहा। इससे बसों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हुई। कई यात्री अपने सामान के साथ पानी में होकर बसों तक पहुंचे, जबकि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाई झेलनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में नए बस स्टैंड और शहर के कुछ हिस्सों में यही स्थिति बनती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने ▶▶|शेष पेज 12 पर

## ऑनलाइन सट्टा, 6.88 लाख होल्ड तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले तीन आरोपियों को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन जप्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई गई है, वहीं आरोपियों के बैंक खातों में जमा 6.88 लाख रुपये की राशि को होल्ड कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि बसंत नगर नारायणपुर क्षेत्र में कुछ लोग मोबाइल फोन के माध्यम से अलग-अलग अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगवाकर अधिक लाभ का प्रलोभन देकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बसंत नगर नारायणपुर निवासी 19 वर्षीय विकास उर्फ रिंकू शोरी पिता रवि शोरी, वार्ड क्रमांक 7 सालियापारा भानुप्रतापपुर निवासी 43 वर्षीय नरेंद्र जायसवाल पिता दिनेश जायसवाल तथा संतोषी नगर भानुप्रतापपुर ▶▶|शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### पुलिस रेड में चार लीटर शराब और नकदी जब्त

**कांकेर।** अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कांकेर पुलिस ने खपरापारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से चार लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब एवं बिक्री की रकम जप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई की रात डायल-112 के माध्यम से जानकारी मिली कि खपरापारा स्थित मेहत्तर पटेल उर्फ गोलू के घर-बाड़ी में अवैध महुआ शराब बनाई और बेची जा रही है। बताए स्थान पर दबिश दी। वहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम खपरापारा कांकेर निवासी 30 वर्षीय मेहत्तर पटेल उर्फ गोलू पिता धनीराम पटेल बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पीले रंग के प्लास्टिक डिब्बे में रखी चार लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर लगभग 400 रुपये मूल्य की चार लीटर महुआ शराब तथा 100 रुपये की बिक्री रकम कुल 500 रुपये का माल जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कार्रवाई कि गई।

### पदमपुर में 6 लीटर शराब जब्त, युवक पर कार्रवाई

**कांकेर।** कोरर थाना पुलिस ने ग्राम भ्रमण एवं जुर्म-जरायम पतासाजी के दौरान अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 6 लीटर हाथ भट्ठी से बनी देशी महुआ शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को थाना कोरर से पुलिस टीम ग्राम भ्रमण पर निकली थी। इसी दौरान ग्राम पदमपुर में मुखबिर से जानकारी मिली कि 39 वर्षीय गोविंद दुग्गा अपने घर की बाड़ी में बिक्री के उद्देश्य से अवैध महुआ शराब रखे हुए है। इलाके की घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के घर के बाहर बाड़ी से 10 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरकीन में लगभग 6 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 600 रुपये बताई गई। पुलिस ने आरोपी पदमपुर निवासी 39 वर्षीय गोविंद दुग्गा पिता आनंद दुग्गा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### अभिषेक को मिली 75 हजार की प्रोत्साहन राशि



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम साधु मिचगांव निवासी प्रतिभाशाली धावक अभिषेक जाड़े को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 75 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने अभिषेक को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे ने अपने भांजे अभिषेक जाड़े की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाएं अब अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही हैं, जो सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि अभिषेक ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास के बल पर खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देने की शासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

# गुरु पूर्णिमा पर डीईओ का शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



गुरु पूर्णिमा पर सरोना भाजपा मंडल द्वारा शिक्षा एवं गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के निवास पहुंचे और उन्हें शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव बताया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के हित में लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनके योगदान की सराहना करते हुए गुरु पूर्णिमा जैसे पावन पर्व पर सम्मानित किया जाना शिक्षा जगत के प्रति समाज की श्रद्धा का प्रतीक है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि गुरु समाज का सच्चा मार्गदर्शक होता है। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और संस्कारों का निर्माण भी करता है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो गुरु और शिष्य के अटूट संबंध को मजबूत करता है तथा समाज को शिक्षा और संस्कारों के प्रति जागरूक करता है। सम्मान के बाद जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने भाजपा मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, अनिल गजपाल, संजय गोलछा, निलेश गोलछा, शैलेश साहू सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कंट्रोल रूम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में मलेरिया संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। मलेरिया के सकारात्मक प्रकरण पाए जाने पर पॉजिटिव मरीजों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन द्वारा तत्काल दवा की पहली खुराक अपने सामने खिलाया जा रहा है। वहीं उल्टी-दस्त के मरीजों को ओआरएस एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास गढ्ढ़ों एवं नालों में पानी जमा न होने दें, यदि पानी जमा है तो उसकी निकासी करवाए अथवा मिट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल आयॅल डालें, जिससे मच्छर के लार्वा पानी मे ही नष्ट हो जाएंगे। सेप्टीक टेंक में लगे हुए पाईप को खुला न छोड़ें, उसके ऊपर जाली अनिवार्य रूप से लगवायें। घर के आस-पास नारियल की खोल, डिस्पोजल, टूटे फूटे बर्तन, टायर, घर लिपाई के लिये घोला गया गोबर वाली हाण्डी या बाल्टी को भरकर न रखें। इन सभी में मच्छर के लार्वा दो से तीन दिनों में पनप कर वयस्क मच्छर बनते हैं। उनके द्वारा सभी नागरिकों को नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आश्रम एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों की मलेरिया जांच की गई है। संक्रमित छात्रों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों को सभी छात्रों के बिस्तरों में मच्छरदानी का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर मितानिनों के सहयोग से स्त्रोत नियंत्रण दल गठित किया गया है, जिनके द्वारा घर-घर जाकर पानी में उत्पन्न होने वाले मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जाएगा। जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। मोबाइल नंबर 9406108750, 9685460365, 9407625341 एवं 8871459457 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनपद कार्यालय सरोना की वापसी की मांग, जांच समिति में प्रस्ताव पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील सरोना के नाम से संचालित जनपद पंचायत कार्यालय को नरहरपुर से वापस सरोना मुख्यालय में स्थापित करने की मांग अब तेज होती जा रही है। मंगलवार को ग्राम पंचायत सरोना में जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति की उपस्थिति में आयोजित बैठक में तहसील क्षेत्र की 36 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने एक स्वर में जनपद कार्यालय को सरोना स्थानांतरित करने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से जनभावनाओं के अनुरूप शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लगभग 75 वर्षों से जनपद पंचायत शासकीय अभिलेखों में सरोना के नाम से संचालित है, जबकि उसका कार्यालय नरहरपुर में संचालित हो रहा है। इस विसंगति को दूर करते हुए कार्यालय को उसके वास्तविक मुख्यालय सरोना में स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, पूर्व जनपद सदस्य कमल ध्रुवा, जनपद सदस्य पवन नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को समिति के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कई पंचायतें नरहरपुर से 55 से 60 किलोमीटर दूर हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समय, धन और परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरोना भौगोलिक और प्रशासनिक दृष्टि से जनपद मुख्यालय के लिए अधिक उपयुक्त है तथा यहां से अधिकांश पंचायतों की दूरी कम है। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जनपद पंचायत कार्यालय को सरोना में स्थापित कराने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# बासनवाही में स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति गठित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी का गठन किया गया। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से भुवन भारती को समिति का अध्यक्ष चुना गया।

समिति में भगवती साहू को उपाध्यक्ष तथा विद्यालय के प्राचार्य डीके भास्कर को सचिव बनाया गया। इसके अलावा समिति में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं ग्रामीणों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया, ताकि विद्यालय के विकास कार्यों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। नवनियुक्त अध्यक्ष भुवन भारती ने कहा कि समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगी। उन्होंने अभिभावकों और ग्रामीणों के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप द्विवेदी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए समिति के सभी सदस्यों से विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। वहीं जनपद सदस्य पवन नेताम ने कहा कि विद्यालय का विकास केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों के हित में समन्वय के साथ कार्य करते हुए विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# खुले आसमान के नीचे भीग रहीं सरस्वती योजना की साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



राज्य शासन की महत्त्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को वितरित की जाने वाली साइकिलों के कलपुर्जे पखांजूर में खुले आसमान के नीचे पड़े हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण इन पर जंग लगने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था और विभागीय लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार कक्षा 9 वीं की छात्राओं के लिए भेजे गए साइकिलों के विभिन्न कलपुर्जे ट्रकों के माध्यम से पखांजूर पहुंचे, लेकिन उन्हें सुरक्षित गोदाम में रखने के बजाय खुले मैदान में छोड़ दिया गया। कई दिनों से जारी बारिश के कारण लोहे से बने कलपुर्जे लगातार पानी में भीग रहे हैं, जिससे उनके खराब होने की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन सामग्रियों को सुरक्षित स्थान पर नहीं रखा गया तो शासन की लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान हो सकता है। साथ ही योजना का लाभ मिलने में भी छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि साइकिलों के सभी कलपुर्जों को तत्काल सुरक्षित गोदाम या संरक्षित परिसर में स्थानांतरित किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संबंधित विभाग इस मामले में कितनी गंभीरता और जवाबदेही दिखाता है।

### वर्षा ऋतु में छात्रों की सुरक्षा पर शिक्षा विभाग अलर्ट डीईओ के निर्देश जारी

**कांकेर।** जिले में लगातार हो रही बारिश और प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नवनीत पटेल ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, स्त्रोत समन्वयकों, संकुल समन्वयकों तथा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्षा ऋतु के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### दिव्यांगजनों को स्वरोजगार ऋण देने में लाएं तेजीः लोकेश

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कोण्डागांव प्रवास के दौरान विश्राम गृह में विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की बैठक लेकर दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अध्यक्ष ने बाजारपारा निवासी गणेशमल पारख को किराना स्टोर स्थापित करने के लिए यूनियन बैंक के माध्यम से 2.50 लाख रुपये का ऋण 24 घंटे के भीतर स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने बताया कि जिले के 15 अन्य दिव्यांगजनों के ऋण प्रकरण भी बैंक को भेजे जा चुके हैं। उन्होंने शेष पात्र आवेदनों पर भी शीघ्र कार्रवाई कर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री कावड़िया ने अधिकारियों से कहा कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्तियों को निगम की ऋण योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं।

# कृषि कालेज में गूंजा देशभक्ति के नगमें कारगिल के वीर शहीदों को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांकेर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस देशभक्ति और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय शपथ ग्रहण की। इसके बाद कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेष संगोष्ठी, व्याख्यान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व, भारतीय सेना के अदम्य साहस और विपरीत परिस्थितियों में हासिल की गई विजय की गाथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों का त्याग और समर्पण देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने ओजस्वी भाषण, देशभक्ति गीत और कविताओं की प्रस्तुति देकर शहीद जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम ने युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत किया। महाविद्यालय परिसर में पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया।

## पेज 11 के शेष

### कांकेर के नए ...

और जलनिकासी तंत्र कमजोर होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में भी पानी सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भर जाता है। इससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नए बस स्टैंड में पानी भरने से यात्री व व्यापारी परेशान नए बस स्टैंड में पानी भरने से सबसे अधिक असर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों पर पड़ा। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें बस पकड़ने के लिए पानी के बीच से गुजरना पड़ा। भारी सामान लेकर चल रहे लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ स्थानों पर पानी इतना अधिक था कि लोगों ने एक-दूसरे का सहारा लेकर रास्ता पार किया। व्यापारियों ने भी जलभराव पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि बस स्टैंड परिसर में पानी भरने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है और कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ता है। स्कूल के मुख्य द्वार पर जलभराव : कांकेर शहर में लगातार हो रही बारिश के कारण कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार पर पानी भर जाने से छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल पहुंचने वाले विद्यार्थियों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिससे कई छात्राओं के जूते और यूनिफॉर्म भीग गए। शिक्षकों को भी विद्यालय में प्रवेश करने में कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश में भी यहां जलभराव की स्थिति बन जाती है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने और समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

### ऑनलाइन सट्टा..

निवासी 38 वर्षीय मनोज सचदेव पिता स्व. द्वारिका सचदेव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक 147/2026 के तहत धारा 7(1) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक फलित कुमार, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे (साइबर टीम), सहायक उप निरीक्षक भागेश पटेल, सहायक उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कतलाम तथा आरक्षक की भूमिका रही।

# जनपद की सामान्य सभा में विकास कार्यों पर हुआ मंथन, 9 करोड़ के बजट को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत में अध्यक्ष गोपी बढ़ाई की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र के समग्र विकास, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, विभागीय योजनाओं की समीक्षा और ग्रामीण समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक अध्यक्ष गोपी बढ़ाई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना, 9 करोड़ रुपये से अधिक के बजट, सामाजिक सहायता पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। राजस्व, वन, विद्युत एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित कुछ विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए भविष्य में सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नियमित निरीक्षण पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक जनपद क्षेत्र के मुख्यालय में कार्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया, ताकि लोग स्थानीय स्तर पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। बैठक में दुर्गूकोंदल को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने पर भी विशेष चर्चा हुई तथा इस विषय पर शुक्रवार को पालकों और संबंधित संस्थाओं की सहभागिता के साथ विशेष बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने सभी विभागों के बेहतर समन्वय, जवाबदेही और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए गुणवत्तापूर्ण विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

# ज्वाइन भाजयुमो अभियान में 900 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में चलाया सदस्यता अभियान

भाजयुमो के ज्वाईन भाजयुमो अभियान को कांकेर में उस समय बड़ी सफलता मिली, जब आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में एक साथ 900 लोगों ने सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपना विश्वास जताया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी ने कार्यक्रम को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। भाजपा नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा संगठन की बढ़ती स्वीकार्यता का परिणाम बताया।

सदस्यता अभियान के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नए सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भी जनहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन की यह शक्ति और अधिक बढ़ेगी।

### जिलाध्यक्ष ने माना सभी का आभार

*भाजयुमो के जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि कांकेर में ज्वाईन भाजयुमो अभियान के तहत 900 लोगों का भाजपा परिवार से जुड़ना संगठन की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। युवाओं की बढ़ती भागीदारी से भाजपा और अधिक सशक्त होगी। मैं इस सफल अभियान में योगदान देने वाले सभी वरिष्ठों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और अपनी पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।*



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, भाजपा जिला महामंत्रीद्वय राजा पांडेय एवं जितेंद्र मरकाम, राजा देवनानी, युवा मोर्चा कांकेर प्रभारी आयुषी पाण्डेय, हीरा मरकाम, भाजयुमो महामंत्री घनेंद्र ठाकुर, आकाश सोलंकी, पीयूष वलेचा, युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो सहित भाजयुमो के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत कालागांव निवासी 19 वर्षीय कौशल जयंते पिता भागवत जयंते ने अपने घर परछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते 27 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पर्यावरण व स्वच्छता के लिए पालिका ने चलाया अभियान

**कांकेर।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने नगर पालिका परिषद कांकेर की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर नगर क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया। टीम ने दुकानों, बाजार क्षेत्रों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर प्लास्टिक के उपयोग, विक्रय और भंडारण की स्थिति देखी। दुकानदारों व नागरिकों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा कपड़े, जूट जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई। प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कुम्हार कालेज में चार को प्रवेश काउंसिलिंग

**दुर्गूकोदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 4 अगस्त को ओपन काउंसलिंग आयोजित होगी। प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों को मेरिट एवं रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश का अवसर दिया जाएगा।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कोयगांव निवासी 28 वर्षीय रामसिंह कड़ियाम पिता स्व. बैसुराम कड़ियाम ने 27 जुलाई की शाम को 5 बजें फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जिले में 4486 मिमी वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक 11 तहसीलों में कुल 4486.1 मिमी. वर्षा यानी 407.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इसके तहत अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 672.6 मिमी. तथा सबसे कम आमाबेड़ा तहसील में 181.1 मिमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 391.7 मिमी. , भानुप्रतापपुर तहसील में 383.2 मिमी. , दुर्गूकोंदल में 294.2 मिमी. , चारामा. में 405.2 मिमी. , अंतागढ़ में 402.6 मिमी. , पखांजूर में 324.6 मिमी. , नरहरपुर में 412.4 मिमी. , सरोना में 410.4मिमी. और कोयलीबेड़ा में 608.1 मिमी. वर्षा अब तक दर्ज की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## किसानों ने जल निकासी, निष्पक्ष जांच और त्वरित सुधार करने की मांगी की

# भारतमाला कॉरिडोर की पिचिंग पहली ही बारिश में उखड़ी, खेतों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

- रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माण पर उठे सवाल



भारतमाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर की गुणवत्ता को लेकर कांकेर जिले के बासनवाही क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में पहली ही बारिश के बाद सड़क किनारे बनाई गई साइड पिचिंग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। पिचिंग के उखड़ने से मिट्टी का कटाव शुरू हो गया है, वहीं पर्याप्त जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी आसपास के खेतों में पहुंच रहा है। इससे किसानों की धान की फसल पर संकट मंडराने लगा है।

बासनवाही क्षेत्र के ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य के दौरान ही गुणवत्ता को लेकर कई बार सवाल उठाए गए थे, लेकिन संबंधित एजेंसी और अधिकारियों ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। अब पहली बारिश में ही सड़क किनारे सुरक्षा के लिए बनाई गई पिचिंग के कमजोर पड़ने से निर्माण कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिह्न लग गया है। कई जगहों पर मिट्टी बहने से सड़क के किनारों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है, जिससे भविष्य में सड़क की स्थिरता को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारतमाला परियोजना जैसी बड़ी राष्ट्रीय योजना में निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए था। लेकिन बारिश के शुरुआती दौर में ही निर्माण संबंधी खामियां सामने आने से कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सड़क के अन्य हिस्सों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

### जलभराव को लेकर किसान परेशान

क्षेत्र के किसानों की सबसे बड़ी समस्या जलभराव को लेकर है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को व्यवस्थित तरीके से नहीं बनाया गया। इसके चलते बारिश का पानी अपने पुराने रास्ते से नहीं निकल पा रहा है और खेतों की ओर बह रहा है। वर्तमान में धान की रोपाई का समय चल रहा है, ऐसे में खेतों में लगातार पानी जमा रहने से फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने निर्माण एजेंसी और प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए तथा जहां-जहां साइड पिचिंग क्षतिग्रस्त हुई है, वहां गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए।

### निर्माण की तकनीकि जाँच की माँग

ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की भी मांग उठाई है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी परियोजना में शुरुआती चरण में ही इस तरह की कमियां सामने आना गंभीर विषय है। यदि जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से उम्मीद जताई है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि सड़क निर्माण की खामियों का खामियाजा क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को न भुगतना पड़े।

## हाईवे किनारे अवैध दुकानों से हादसों का खतरा, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए जहां यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है, वहीं सड़क किनारे बढ़ती अवैध दुकानदारी अब दुर्घटनाओं का नया कारण बनती जा रही है। हाईवे से लेकर शहर के प्रमुख बाजार मार्गों तक अतिक्रमण और अस्थायी दुकानों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

चारामा तहसील मुख्यालय में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच अब सड़क किनारे और मार्ग पर लगने वाली अवैध दुकानदारी गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क तक फैली दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे कभी भी बड़े हादसे की स्थिति निर्मित हो सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हाईवे किनारे अस्थायी दुकानें लगने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इसके चलते तेज रफ्तार वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और वाहन चालकों को मजबूरी में सड़क के किनारे से गुजरना पड़ता है। कई स्थानों पर ग्राहकों की भीड़ सड़क तक पहुंच जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। शहर के सदर बाजार मार्ग स्थित दीनदयाल चौक पर भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। यहां दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने और ग्राहकों की भीड़ लगने से मार्ग संकरा हो गया है। पैदल राहगीरों सहित दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने हाईवे पेट्रोलिंग व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस की नियमित निगरानी और कार्रवाई जरूरी है। नागरिकों ने प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस विभाग से हाईवे एवं प्रमुख बाजार मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर थाना परिसर के सामने तक अतिक्रमण और दुकानदारी बढ़ती जा रही है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पहली ही बारिश में शामतरा की नाली बही, निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा/कांकेर

- शिकायतों को किया नजरअंदाज, अब जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई

किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दूधावा डैम से बनाई गई नाली पहली ही बारिश की परीक्षा में विफल साबित हुई। कांकेर जिले के शामतरा गांव में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित नाली के क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गई, जिसके चलते लाखों रुपये की लागत से तैयार संरचना पहली ही बारिश का दबाव नहीं झेल सकी। अब किसानों में आक्रोश है और वे पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शामतरा गांव के किसानों को दूधावा डैम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग ने नाली का निर्माण कराया था। इस परियोजना से क्षेत्र के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन पहली ही बारिश में नाली कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। इससे न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं, बल्कि किसानों की उम्मीदों को भी बड़ा झटका लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान उन्होंने कई बार कार्य की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई थी। उनका आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया और निर्माण कार्य पूरा करा दिया। अब नाली के टूटने के बाद ग्रामीणों का कहना है कि पहली ही बारिश ने पूरे निर्माण की वास्तविकता उजागर कर दी है। उनका आरोप है कि यदि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया गया होता तो इतनी जल्दी संरचना क्षतिग्रस्त नहीं होती।




### ग्रामीणों ने जाँच की माँग की

जल संसाधन विभाग के एसडीओ सुशील देवांगन ने बताया कि दुधावा आरबीसी नहर लाइनिंग कार्य का अनुबंध 2023-24 का है, जिसमें शामतरा चैन में कार्य 2024-25 में ठेकेदार सुनील अग्रवाल द्वारा कराया गया है ,जो कि वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। भारत माला एवं पहाड़ी तथा बगल के कैचमेंट के नाले का पानी जो कि नहर में एक साथ अत्यधिक मात्रा में बहने लगा, जो कि डिजाइन क्षमता से ऊपर तक बहाव होने लगा, जिससे शामतारा ग्राम के नहर के चैन क्रमांक 157 में क्षति पहुँचा, जिसके चलते यह घटना घटी। ठेकेदार को सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा नहर को भारत माला एवं पहाड़ी तथा बगल के कैचमेंट के नाले का पानी से नुकसान न हो, उसके लिए सुपर पैसेज बनाने निविदा आमंत्रित किया गया है।

## रतेसरा मोड़ पर बेकाबू कार की ठोकर से बाइक सवार दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच

थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम रतेसरा मोड़ के पास तेज रफ्तार और कथित लापरवाही से चल रही कार ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ढेकुना निवासी 24 वर्षीय डुमेश उइके ने थाना चारामा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 23 जुलाई को वह अपने साथी रोशन कश्यप के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 4437 से धमतरी से अपने गांव ढेकुना लौट रहे थे। शाम लगभग 5 बजे जब वे ग्राम रतेसरा मोड़ के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 12 डी 9932 के चालक ने कथित रूप से तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में डुमेश उइके के सीने, दोनों हाथों और बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे रोशन कश्यप के बाएं पैर में गंभीर चोट लगी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां दोनों का इलाज जारी है।घायल डुमेश उइके ने अपनी शिकायत में दुर्घटना के लिए कार चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। शिकायत के आधार पर थाना चारामा पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### वेलूवन बुद्धविहार में श्रद्धा व भक्ति के साथ मना वर्षावास

**जगदलपुर।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के वेलूवन बुद्धविहार में वर्षावास का श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाओं ने उपस्थित होकर त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया तथा धम्म कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में पूज्य भंतेजी ने धम्म देशना देते हुए वषार्वास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वषार्वास आत्मसंयम, ध्यान, अध्ययन एवं धम्म साधना का विशेष काल है।

## सशस्त्र सीमा बल केवटी ने चलाया पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी केवटी द्वारा 28 जुलाई को पंडरीपानी गांव में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों एवं प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से स्थानीय समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा भविष्य में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## मुख्य मार्ग जलमग्न होने से आर्थिक क्षति दी व्यापारियों ने चक्काजाम की चेतावनी

**चारामा।** नगर में लगातार हो रही बारिश के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग -30 पर जलभराव की गंभीर समस्या एक बार फिर सामने आ गई है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ मिनटों की बारिश होते ही हाईवे पर करीब डेढ़ फीट तक पानी भर जाता है, जिससे सड़क पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। इस स्थिति का सबसे अधिक असर सड़क किनारे स्थित दुकानों और मकानों पर पड़ रहा है, जहां पानी घुसने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार सड़क पर जलभराव होने के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे कारोबार पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। वहीं कई दुकानों और मकानों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे के समीप स्थित कन्या शाला के विद्यार्थियों को भी जलभराव के कारण स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नेशनल हाईवे-30 से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए भी यह समस्या परेशानी का कारण बनी हुई है। व्यापारियों का आरोप है कि वे पिछले तीन वर्षों से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन अब तक पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क किनारे बनी नाली पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कर दिया गया है, जिससे पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। उनका कहना है कि यह सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के विपरीत है और जिला प्रशासन को तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी चाहिए। इसी मांग को लेकर व्यापारी नेशनल हाईवे-30 पर चक्काजाम की चेतावनी देने पहुंचे। सूचना मिलने पर चारामा तहसीलदार मौके पर पहुंचे, जहां व्यापारियों ने उन्हें पूरी समस्या से अवगत कराया। मौके पर प्रशासन से चर्चा के बाद व्यापारियों और ने समय दिया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर जलनिकासी और अतिक्रमण की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो व्यापारी नेशनल हाईवे-30 पर चक्काजाम कर आंदोलन करेंगे।



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411